के भय से यात्रियों ने अपना धन भी व्यवस्थापक पर जमा कर दिया था। प्रत्येक यात्री से 1,217 रू० किराया तथा 351 रू० भोजन व्यय लिया गया था। मथुरा पहुंचने पर यात्रियों को यह पता चला कि व्यवस्थापक महाशय गायब हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेन आगामी यात्रा स्थल की ओर नहीं बढ़ सकी और उस पर रेल नियमों के अनुसार "डेमरेज" बढ़ता गया जो 2,000 रू० प्रति दिन है।

दुखी और बेबस यात्रियों से सम्पर्क करने पर पता चला कि सारा पैसा व्यवस्थापक को दे देने के कारण न तो वे वापस घर जा सकते हैं और न उनके पास खाने पीने की व्यवस्था है। पेट भरने के लिए स्त्रियों के आभूषण बेच बेच कर उन्होंने खाने पीने का काम चलाया। इन यात्रियों में महिलाएं और छोटे छोटे बच्चे भी काफी संख्या में थे। यात्रियों के एक प्रवक्ता के अनुसार उनका लगभग 8 लाख रु० व्यवस्थापक पर है और वह तथा उसके साथी इस धन की बेईमानी करने के इरादे से भाग गए हैं। यात्रियों ने यह भी बताया कि उन्होने जी० आर० पी० मथुरा को इस धोखाधड़ी की शिकायत की है किन्तु दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वह इस घटना की गंभीरता को देखते हुए उक्त व्यवस्थापक को तुरन्त गिरफ्तार कराके शीघ्र से शीघ्र कानूनी कार्यवाही अमल में लायें ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। मेरा यह भी अनुरोध है कि सरकार यह भी पता लगाए कि सभी यात्री सकुशल अपने घर वापिस पहुंचे या नहीं। यदि नहीं पहुंचे तो उनको उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाये तथा व्यवस्थापक द्वारा उन से लिया गया धन उन्हें वापिस कराया जाये।

---

12.31 hrs.

## SALARY, ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL

MR. DEPUTY SPEAKER: Now legislative business.

Bills for consideration and passing.

Shri Bhishma Narain Singh.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Sir, I beg to move:*

"that the Bill further to amend the salary, Allowances and Pension of Members of Parliament Act, 1954, be taken into consideration."

According to Section 8A of the Salary, Allowances and Pension of Members of Parliament Act, 1954, a person who has served for a minimum period of 5 years as a Member of Parliament is eligible to the grant of pension. In 1981, the Act was amended to provide pension even to a person whose qualifying period for a period of 5 years fell short of not more than 60 days.

Sub-section (3) of Section 8A of the Act puts a restriction on the grant of maximum amount of pension to a Member of Parliament if he is also entitled to any other pension from the Central Government or any State Government etc. Where the amount of pension to which he is entitled under such law or otherwise is equal to or in excess of that to which he is other-

*Moved with the Recommendation of the President.

[Shri P. Venkatasubbiah]

wise entitled, such person is not entitled to any other pension.

If the amount of pension is less than that to which he is entiled as ex-MP, he is entitled to pension under that sub-section only of an amount which falls short of the amount of pension to which he is oherwise entitled.

The Swatantrata Sainik Samman Pension Scheme provides for the grant of pension to freedom fighters in recognition of their service and sacrifice for the cause of the country's freedom. Most of the members and ex-Members are qualified to receive this Samman pension. However, in view of the restriction placed in sub-section (3) of section 8A of the Act, many of the ex-MPs are deprived of this benefit. A demand has been made on the floor of the House as well as outside that the ex-MPs should be granted both these pensions that is, as ex-Members of Parliament and as freedom fighters. In order to remove this difficulty, the proposal was examined as to whether the change in nomenclature of the Swatantrata Sainik Samman Pension Scheme could help them to draw both the pensions. The Law Ministry opined that any change in the nomenclature in the Swatantrata Sainik Samman Pension would not change its nature and it would continue to be a pension. It was suggested by Law Ministry to consider the feasibility of amending the Act. Hence this Bill.

Although the exact number of beneficiaries is not known, it is hoped that about 200 to 250 ex-MPs who are freedom fighters are likely to be benefited by this amending Bill. It is estimated that this provision would involve an expenditure of Rs. 7.50 lakhs per annum.

The Government feel that the pension payable to ex-MPs who are freedom fighters under Swatantrata Sainik Samman Pension Sheme, is really for the purpose of honouring those who participated in the freedom struggle.

I feel and hope that the provisions of this Bill would receive unanimous support from all sections of the House. With these few words, I commend the Bill for consideration of the House.

MR. DEPUTY SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Salary, Allowances and Pension of Members of Parliament Act, 1954, be taken into consideration."

Now time allotted for the Bill is 1½ hours. Shri Sudhir Kumar Giri. . .(*Interruptions*).

It is a non-controversial Bill and it should not take more time. The Chair would see that it is finished within the time allotted by the Business Advisory Committee.

Shri Sudhir Kumar Giri.

SHRI SUDHIR GIRI (Contai): Mr. Deputy-Speaker, Sir, by this amending Bill, the Government has expressed its keen desired for giving some more benefits to the Members of Parliament who were ex-MPs and who were the freedom fighters.

While discussing this Bill, I have no hesitation to pay my heartfelt regards to those who fought against the British Imperialism. Many members, many people, lost their lives; they risked their lives to get freedom.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you were there, you would have also participated in that.

SHRI SUDHIR GIRI: It may be.

AN HON. MEMBER: We fought for the second freedom.

MR. DEPUTY-SPEAKER: But, it did not last long.

SHRI SUDHIR GIRI: They sacrificed everything and they fought to bring about freedom. Here we have got political freedom and not economic

freedom. I would request those freedom fighters who are surviving to recollect whether they fought for their own interests or for the cause of the whole of the nation because, I find today that some of the freedom fighters are now working on those lines which can serve their own interests?.

I do not agree that all of the freedom fighters are now thinking on those lines. But, some of the freedom fighters who are surviving are looking to their own interests and not serving the interests of the nation or the people.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Sir, let him oppose the Bill as an Opposition Member. But, let him not cast aspersions on those people who sacrificed everything to fight for the freedom.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not casting any aspersion.

SHRI SUDHIR GIRI: Sir, I am not casting any aspersion on the real freedom fighters. I am only telling that there are some freedom fighters. Would the hon. Minister please deny that there are some freedom fighters who fought for their own interests and who have chosen their own ways to serve their own interests? Can you deny this? There are some freedom fighters of this type.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: One who thinks on this line is not a freedom fighter.

श्री मनोराम बागड़ी (हिसार): हम को यह शिकायत है कि श्री रामानन्दन मिश्र, फ्रीडम फाइटर, आज मृत्यु-शय्या पर हैं और सरकार की तरफ से उनकी खैर-खबर नहीं पूछी जा रही है। श्री कमलापति जैसे पुराने साथी जानते हैं कि उन्होंने कितनी कुर्बानी की थी। वह जेल तोड़ कर निकले थे। आज वह सख्त बीमार हैं।

SHRI SUDHIR GIRI: Sir, to remove all kinds of doubts from the Members present here, I want to emphasise again that I have great regards for those who struggled hard to fight against the British Imperialism to achieve freedom. I have no hesitation to admit this, we have achieved political freedom but we have not yet achieved economic freedom. I want to say this that without economic freedom, a vast majority of the people cannot get the real banefits.

I would like to point out and emphasise the fact that without economic freedom, a vast majority of the people cannot get real benefits. They are not benefited at all. For example, the Planning Commission has estimated that about 48.6 per cent people are living below the poverty line. So, I find that the economic freedom has not yet been achieved. We are still on the way; we are struggling hard to achieve certain economic freedom.

At present the economic situation is so bad that if you take the trouble to travel through the villages you will find that almost all the people there are living below the poverty line. Same is the situation in the villages of my State. They live under sub-human conditions. They are not getting even two square meals a day. There are so many people who are unemployed. Because of the Government's credit squeeze policy the workers are being retrenched. The old agriculturists after their life-long suffering are not getting food. Widows are also facing the same plight. We are opposing this Bill in the light of the present situation and the former MPs should not get another benefit as they want today.

Sir, in the Statement of Objects and Reasons it is stated that the Government is going to honour the freedom fighters. There are several ways of honouring them. They may be given 'Samman Patra' or something else and by honouring them in terms of money, I think, it will be doing dishonour to them because they did not fight British Imperialism for money but they want-

[Shri Sudhir Giri]

ed to end exploitation of man by man and this objective has not been achieved so far. So, I would request the freedom fighters to for go all these things as they are already getting pension as an ex-member of Parliament to the extent of Rs. 500/- or Rs. 350/- p.m. as the case may be.

I tehrefore, again humbly pay my heart-felt tributes to the freedom fighters and would request them not to insist on getting these benefits. With these words I totally oppose this Bill. In this connection I want to point out when Mr. Daga brought forward a Bill to increase different facilities for MPs we opposed it but the Press reported that almost all the MPs of all parties supported the Bill. So, I want to say in unequivocal terms that I oppose this Bill.

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, भीष्म नारायण सिंह जी संसदीय कार्य मंत्री जो सामने बैठे हैं, पार्लियामेंट को एक ढंग से चलाते हैं, सब का सहयोग प्राप्त करते हैं। वह जानते हैं कि किस तरह सदस्यों की सुविधा और सुख का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अच्छी बात की। श्री वेंकटसुब्बैया ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्बन्ध में यह नान-कांट्रोवर्शल बिल है जिस पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं। लेकिन एक बात में यहां पर कहना चाहता हूं कि जो सेनानी आज देश की समस्याओं से जुझते हैं, वे जब राजनीति में आते हैं और उसके बाद अपना तन और मन समर्पित कर देते हैं उनके सम्बन्ध में जब तथ्यों के आधार पर आपका ध्यान आकर्षित किया कि यहां पर, अविकसित तथा विकसित देशों में संसत्सदस्यों को जो वेतन और भत्ते मिलते हैं तथा यहां के राज्यों में जो विधान मण्डल के सदस्यों को वेतन और भत्ते मिलते हैं, उस से भी कम वेतन और भत्ता संसत्सदस्यों को मिल रहा है। उनकी कठिनाइयों की ओर भी आपका पूरा ध्यान आकर्षित किया गया। आपको यह नहीं समझना चाहिए कि उन्होंने आपके समक्ष कोई डिमाण्ड रखी है या आप से कोई कृपा की भीख मांगी है बल्कि यहां पर सवाल है उनके आत्मसम्मान के साथ रहने को और सहीं ढंग से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने का।

जब आप किसी डाक्टर, इंजीनियर या अन्य सरकारी अधिकारी को अच्छा वेतन देते हैं तो हम समझते हैं कि वे सही रुप से अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेंगे। उसी प्रकार से यह भी ऐसा विषय था जिस पर आप ने आश्वासन दिया था। वैसे यह 1954 का ऐक्ट है जिस में आप अमेन्डमेंट करना चाहते हैं। आप जानते ही हैं कि तब से अब तक मंहगाई कितने गुनी बढ़ चुकी है। आपने कहा था कि सभी सदस्यों ने इस सम्बन्ध में जो विचार रखे हैं उन पर आपको पूरी सहानुभूति है लेकिन यह सहानुभूति दिल से होती है, शब्दों से नहीं। जब मन कुछ कहता है तभी मुंह से शब्द निकलते हैं।

आज सी० पी० एम० के सदस्य इसका विरोध कर रहे हैं

MR. DEPUTY SPEAKER: Mr. Daga, he has come with an Amendment now before the House.

SHRI MOOL CHAND DAGA: All right, Sir, but he has not included all those things which we have demanded. We have requested for those things along with this Amendment.

MR. DEPUTY SPEAKER: Anyhow, whatever it is, it is a good beginning.

**श्री मूल चन्द डागा** : हम संसत्सदस्य जिस निर्वाचन-क्षेत्र से आते हैं वहां के मतदाताओं के सुख में हम सुखी और दु:ख में दुखी होते हैं। अगर संसद

सदस्यों की कठिनाइयों की ओर हमारे संसदीय कार्य मंत्री ध्यान नहीं देंगे तो और कौन देगा?

**संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) :** जरूर, जरूर।

**श्री मूलचन्द डागा :** मंत्री जी ने "जरूर, जरूर" बहुत अच्छे शब्द कहे हैं। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपने जो ज्वाइन्ट कमेटी मुकर्रर की है उसमें सभी दलों के रिप्रेजेंटेटिव्ज़ हैं और उन्होने कहा है कि हमारे वेतन और भत्ते बढ़ने चाहिए। उनकी यूनानिमस रिपोर्ट है। उस कमेटी में सी० पी० एम० के मेम्बर भी हैं, सी० पी० आई के मेम्बर भी हैं और कांग्रेस के मेम्बर भी हैं और सभी ने अपनी यूनानिमस रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट उन्होंने यह दी थी कि हमारे वेतन-भत्तों में वृद्धि होनी चाहिए। हमारा दैनिक भत्ता 101 रु० होना चाहिए और स्पाउस पास बढ़ना चाहिए। हमारे शास्त्री जी, जो कि सी-पी० आई० के मेम्बर है, बहुत बड़े विद्वान हैं....

**एक माननीय सदस्य :** विद्वान नहीं हैं, कर्मठ हैं।

**श्री मूलचन्द डागा :** उन्होंने कहा था हमें एक स्टैनो दे दिया जाए। उधर हमारे सी० पी० एम० वालों ने कहा था कि हमें एक जरूर स्टैनो दे दिया जाए और हमने कहा था कि हमारे बहुत खर्चे बढ़ रहे हैं और आपने कहा था कि निर्वाचन क्षेत्र में घूमने के लिए गाड़ी की व्यवस्था होनी चाहिए। मैंने मलेशिया और पाकिस्तान तथा छोटे-छोटे अविकसित देश, डवेलपिंग कन्ट्रीज़ के फीगर्स कोट किए थे। महाराष्ट्र और हरियाणा का भी उदाहरण पेश किया था। वहां उन छोटे-छोटे राज्यों में विधायकों को संसद् सदस्यों से ज्यादा वेतन भत्ता मिल रहा है। अब हमारे श्री वेंकटसुब्बैया जी यहां सदन में यह बिल ले कर आए हैं, यदि यह पहले आ जाता तो हम उसका स्वागत करते। सवाल यह है कि यदि इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, जो कि देना चाहिए, तो आप जान सकते हैं कि संसद सदस्य कैसे अपनी भूमिकाओं का निर्वाह ठीक तरह से कर सकते हैं। आप जानते हैं कि पोस्टेज का खर्चा बढ़ गया है, ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ गया है, एक रुपया के स्थान पर दो रुपये के लिए कहा गया था। उपाध्यक्ष महोदय आप बहुत समय से घण्टी बजा रहे हैं, यह घंटी तो उनके लिए बजानी चाहिए, हम तो घण्टी बजाते-बजाते थक गए। उम्मीद है डिप्टी स्पीकर साहब इस बात को आप भी कहेंगे, अभी तो आप कुर्सी पर आसीन हैं। वेतन भत्ते की मांग इसलिए की गई है कि हम लोगसंसद सदस्य अपने कर्तव्यों का पालन ठीक प्रकार पालन कर सकें। मुझे उम्मीद है, हमारे जो खर्चे बढ़ गए हैं, ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ गया है, कितने हमें काल्स करने पड़ते हैं, दैनिक समस्यायों बढ़ गई हैं—इन सबको देखते हुए और आप में विश्वास रखते हुए "जरूर-जरूर" शब्दों का आप ध्यान रखेंगे। इस की भी एक मियाद होनी चाहिए, एक-दो महीने के अन्दर जो भी अमेंडमेंट है, वे कर लीजिए, रूल्स में अमेंडमेंट कर दीजिए, ताकि हम अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकें। इस संदर्भ में कमेटी की रिपोर्ट भी आपके सामने प्रस्तुत की जा चुकी है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री रामावतार शास्त्री (पटना) :** उपाध्यक्ष महोदय, बहुत प्रयास के बाद सरकार की तरफ से भूतपूर्व संसद सदस्यों को, जो स्वतंत्रता सेनानी हैं, स्वतंत्रता

[श्री रामावतार शास्त्री]

सेनानी पेंशन देने का निर्णय किया जा रहा है। उदार पेंशन योजना 1-8-1980 से लागू की गई। उसके लागू होते ही स्वतंत्रता सेनानी संसद सदस्यों को को तो पेंशन की राशि मिलने लगी, लेकिन जो भूतपूर्व संसद सदस्य थे और स्वतंत्रता सेनानी भी रहे हैं उनको अब तक स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। पहले विधेयक में जो कमी थी, उस कमी को इस संशोधन के ज़रिए ठीक किया जा रहा है, इसलिए मैं इसका जोरदार समर्थन करता हूं। इस संशोधन से संसद् सदस्य स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता-सेनानियों की पेंशन लेने का अधिकार मिल जाएगा।

मैंने बार-बार इस सवाल को यहां पर उठया है कि स्वतंत्रता सेनानियों में विभेद नहीं करना चाहिये। वह संसद् सदस्य हो या भूतपूर्व संसद् सदस्य हो उनको स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन जरूर मिलनी चाहिये, अब इस संशोधन से उनको वह मिल सकेगी। लेकिन मैं माननीय संसद् सदस्यों से एक बात जरूर कहना चाहूंगा—केवल जबानी उनके प्रति श्रद्धांजलि या अच्छी भावना प्रकट कर देना ही काफी नहीं है। आज वे लोग बहुत कठिनाई में हैं। जिन लोगों ने देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया, उनके प्रति सरकार का भी कुछ कर्त्तव्य होता है और सरकार को अपने उस कर्त्तव्य का अवश्य निर्वाह करना चाहिये। स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता सैनिक-सम्मान-पेंशन दे कर सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। यह योजना 1972 में लागू हुई, 1980 में उस में कुछ परिवतन किया गया, लेकिन अभी भी उसमें और ज्यादा परिवर्तन की आवश्यकता है। सरकार का भूतपूर्व संसद सदस्य स्वतंत्रता सेनानियों को ही पेंशन दे कर चुप नहीं बैठना चाहिये। आज उनको जो पेंशन दी जा रही है—300 रुपये की क्या कीमत है उनका परिवार है, बुढ़ापा है, बाल बच्चे हैं। आज हम दूसरे कामों में बहुत रुपया ख करते हैं, हमें इस तरफ भी ध्यान देना चाहिये। मैं स्वतंत्रता सेनानियों की पीड़ा को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। हमारा एक संगठन है–अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन, जिसमें, यह बहुत फख्र और गौरव की बात है, सभी दलों के लोग हैं और सभी दलों के लोगों ने एक राय से मांग की है कि भूतपूव स्वतंत्रता सेनानी संसद् सदस्यों को स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन मिलनी चाहिये। तमाम दलों के लोगों ने इसका समथन किया है। आज उसी का सहारा लेकर मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो आप 300 रुपया माहवार पेंशन देते हैं उसको बढ़ाइये, उससे काम नहीं चलेगा। आज पार्लियामेंट के सदस्य अपना वेतन-भत्ता बढ़वाने के लिये जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं, उसके पक्ष में भाषण कर रहे हैं, इनका काम तो हो ही जायगा, लेकिन स्वतंत्रता सेनानी 300 रुपये में कैसे गुजारा करेंगे। इसलिये उनका भत्ता 400 रुपये जरूर कीजिये साथ ही 100 रूपया उनको चिकित्सा के नाम पर दीजिये। यदि आप उनको 500 रुपया नहीं देते हैं तो वे अपना पालन-पोषण ठीक से नहीं कर सकेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये स्वतंत्रता सेनानी जितने दिनों तक जिन्दा रहेंगे भारत के नौजवानों के लिये प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। यह अलग बात है कि स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियां के बारे में इतिहास में कोई जगह नहीं है, बच्चों को उनकी कुर्बानियों के संबंध में कुछ भी नहीं पढ़ाया जाता। मेरा अनुरोध है कि इसकी व्यवस्था की जानी चाहिये, इतिहास में उनके संबंध में लिखा जाना चाहिये। यह एक अलग पहलू है, लेकिन उनके जिन्दा रहने के लिये आर्थिक मदद उनको जरूर दी जानी चाहिये।

अगर स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु हो जाती है तो मृत्यु के बाद उन की पत्नी पेंशन की अधिकारिणी हो जाती है, परन्तु उन को आप केवल 200 रुपये दे रहे हैं—यह अन्तर क्यों ? औरतों को क्या कम खाना पड़ता है, उनके लिये क्या कम मंहगाई है ? इस लिये मेरा अनुरोध है कि स्वतंत्रता सेनानी के मृत्यु के बाद उन की बेवा को भी उतनी ही पेंशन मिलनी चाहिये

अब आप चिकित्सा की बात को लीजिये, चिकित्सा के मामले में भी हमारे स्वतंत्रता सेनानी बहुत परेशान हैं । हमारे गया में, मंत्री जी उनको जानते हैं, श्री श्यामाचरण बर्थुआर हैं जो अंडमान के प्रिजनर थे । उन्होंने जोश में उस समय, जब कम उम्र के थे, पेंशन नहीं ली । उन्होंने कहा—हम ने आजादी की लड़ाई पेंशन के लिये नहीं लड़ी थी ।

**13.00 hrs,**

इस के लिये उनको हम धन्यवाद दे सकते हैं लेकिन आज वे मृत्यु शय्या पर पड़े हुये हैं । बीमार लोगों की तरफ़ बिहार सरकार भी कोई ध्यान नहीं दे रही है । अभी आपने रामनन्दन मिश्र जी की बात सुनी । जब वे समाजवादी थे तब उन से प्रेरणा ले कर हम लोग समाजवादी आन्दोलन में शामिल होते थे । उनके लिये भी कोई व्यवस्था होनी चाहिये । इस तरह से काम नहीं चलेगा ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Shastri, you can ask the Government to extend the C.G.H.S. Scheme to this category of pensioners also as it is being extended to retired Government servants.

**श्री रामावतार शास्त्री** : कई स्टेट्स ने ऐसा किया है लेकिन उनको पूरा पूरा फायदा नहीं होता है और किसी की भर्ती नहीं होती है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I say C.G.H.S. Scheme can be extended to these pensioners.

**श्री रामावतार शास्त्री** : आप जानते हैं कि जो होशियार स्वतंत्रता सेनानी हैं वे तो भर्ती हो जाते हैं लेकिन जो गांव के रहने वाले हैं, गरीब हैं समझदार, नहीं है उनको इसका फायदा नहीं होता है । इसलिये ऐसे लोगों को पैसा दे देना ज्यादा अच्छा होगा । इसलिये आप यह पेंशन चिकित्सा सुविधा मिला कर पांच सौ रुपये दीजिये । इसकी तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिये ।

यह सवाल बार बार उठ रहा है । यह सवाल परामर्शदात्री समिति में भी उठ रहा है, बाहर भी उठ रहा है ? संगठन की तरफ़ से भी निवेदन किया गया है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Shastri, are you going to conclude now?

SHRI RAMAVTAR SHASTRI: No.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then you can continue after lunch.

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.*

**14.10 hrs.**

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at ten minutes past Fourteen of the Clock.*

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

SALARY, ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL—Contd.

**श्री रामावतार शास्त्री** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि सन् 1931 में गांधी-इर्विन समझौते के समय बहुत सारे लोग 6 महीने की सजा पूरी करने के पहले ही रिहा हो गये । उनके लिये सरकार ने यह व्यवस्था की थी कि जो 5 महीने जेल में रहे हों, उनको पेंशन

[श्री रामावतार शास्त्री]

देते हैं लेकिन जो 4 महीने या साढ़े 4 महीने जेल में रहा हो उनको नहीं देते हैं। ऐसे हजारों लोग हैं। मेरा निवेदन है कि जो समझौते की वजह से जेल से जल्दी छूटे, उनको भी पेंशन की पूरी राशि मिलनी चाहिये। इस कैटेगरी के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन की राशि मिलनी चाहिये। ऐसे बहुत से लोग हमको पत्र लिखते हैं कि हमने कौन सा अपराध या जुर्म किया है कि हमको इसमें से छांट दिया गया है।

उसके बाद 18-6-81 को भारत सरकार ने उदार पेंशन योजना के संबंध में एक परामर्शदात्री समिति केन्द्रीय स्तर पर गठित की। उसकी 5,6 मीटिंग हो चुकी हैं और एक मीटिंग 18-6-81 को हुई थी। उस मीटिंग में हम लोगों ने कुछ छूटे हुये स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन देने का निर्णय लिया था। जैसे पुनपरा, वायलार, तेलंगाना, रानी झांसी रेजीमेंट, कूका वगैरह। 7, 8 ऐसे कैटेगरी हैं जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र बगावत की थी। उनका फैसला हो गया कि उनको पेंशन दी जाये, लेकिन एक साल से ज्यादा हो गया, अभी वह मसला फाइनेंस विभाग में पड़ा है, पता नहीं क्यों ऐसा है? इसके बारे में जल्दी ही निर्णय लिया ज़ाना चाहिये।

अभी 6 जुलाई को अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन की मीटिंग दिल्ली में हुई थी उसने भी मांग की है कि उन निर्णयों को फौरन लागू कि जाना चाहिये।

मेरा कहना यह भी है कि नकली सेनानी भी बहुत से पैदा हो गये हैं। जो कभी जेल नहीं गये, वह भी स्वतंत्रता सेनानी बन गये। ऐसे लोगों को सख्ती से पकड़ना चाहिये। इस तरह से जनता के पैसे को लुटाने का किसी को अधिकार नहीं है और अगर उनको देते हैं तो इससे टेक्स पेयर का पैसा बर्बाद होता है और इतिहास भी गलत लिखा जायेगा। ऐसे लोगों का नाम भी इतिहास में जुड़ जायेगा कि ये भी फ्रीडम फ़ाइटर थे। इसलिये नकली सेनानियों के खिलाफ़ सख्ती से कार्यवाही करनी चाहिये।

मैंने दर्जनों चिट्ठियां लिखी हैं जो कि इस की फाइलों में लगी हुई है। कितनों के नाम मैंने कटवाये हैं और अभी भी कितने ही बाकी है।

आखिर में मैं यह बताना चाहता हूं कि भूतपूर्व संसद सदस्यों के पेंशन संबंधी बिल का संशोधन हो रहा है। मेरा निवेदन यह है कि जब यह उदार पेंशन योजना लागू हुई तो 5,000 रुपये की आय की सीमा उठा दी गई और सभी लोगों को पेंशन मिलने लग गई। जो स्वतंत्रता सेनानी अधिक आमदनी की वजह से पेंशन नहीं ले पा रहे थे उनको भी यह मिल गई और 1-8-80 से ही मिली, क्योंकि उसी दिन यह उदार पेंशन की घोषणा उस समय के गृह मंत्र ज्ञानी जैल सिंह जी ने इस सदन में की थी।

मेरा कहना यह है कि भूतपूर्व संसद सदस्यों को भी 1-8-80 से ही पेंशन देने की व्यवस्था होनी चाहिये। यह नहीं होना चाहिए कि बिल आज पास हो रहा है तो कानून आज से ही बनेगा। उनको रिट्रोस्पैक्टिव इफैक्ट से पेंशन मिलने वाली बात होनी चाहिए। मेरा संशोधन इस प्रकार है:—

पृष्ठ 1,—

पंक्ति 12 के पश्चात निम्नलिखित अन्त:स्थापित किया जाये—

"परन्तु यह और कि स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन उदार पेंशन योजना के अधीन अन्य स्वतंत्रता सैनिक की तरह 1 अगस्त, 1980 से देय होगी।"

सरकार को इस संशोधन को मान लेना चाहिए।

स्वतंत्रता सेनानियों की पेन्शन की राशि को 300 रुपये से बढ़ा कर चिकित्सा

भत्ते समेत—इनकूलडिंग मेडिकल एलाउंस—500 रुपये कर दिया जाए।

**एक माननीय सदस्य :** अधिक क्यों नहीं ?

**श्री रामावतार शास्त्री :** माननीय सदस्य यह बात कह सकते हैं। मैं उन्हें रोक नहीं रहा हूं। मैंने यह वाजिब समझा है।

स्वतंत्रता-सेनानियों की विधवा पत्नियों को भी स्वतंत्रा-सेनानियों के बराबर ही पेन्शन दी जाए। अगर स्वतंत्रा-सेनानी को 300 रुपये या 500 रुपये मिलते हैं, तो उसके मरने के बाद उसकी विधवा पत्नी को भी उतने ही रुपये मिलने चाहिए।

1931 में गांधी-इरविन पैक्ट के फलस्वरूप जो लोग रिहा हुए थे, उन सब को पेन्शन देने की व्यवस्था करनी चाहिए। कुछ कैटेगरीज़ के बारे में हमने पिछली मीटिंग्ज़ में जो फ़ैसला किया था, उसे अविलम्ब लागू किया जाए।

जो चोटी के स्वतंत्रता-सेनानी हैं, जैसे श्री रामनंदन मिश्र और श्री श्यामकृष्ण बर्थवार, जो अंडमान जेल में रह चुके हैं और अब गया में डेथ बैड पर हैं, ऐसे लोगों की अलग से यहां पर आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा कराई जाए, ताकि उन को कुछ राहत मिल सके।

जहां तक भूतपूर्व संसद्-सदस्यों का सम्बंध है—हम लोग भी भूतपूर्व होने वाले हैं और बीच में हो भी चुके हैं—उनको पेन्शन दी जाती है 350 रुपये और मैक्सिमम 500 रुपये। महंगाई सब के लिये बढ़ती है—मंत्री के लिए भी बढ़ती है, मजदूर और किसान के लिए भी बढ़ती है और भूतपूर्व संसद्-सदस्यों के लिए भी बढ़ती है।

**श्री सुन्दर सिंह (फिल्लोर) :** जरा हमारा भी ख्याल रखें। एम पीज़ की तन्ख़्वाह भी बढ़ाएं।

**श्री रामावतार शास्त्री :** यह विषय आपके लिए रिज़र्व कर दिया है। आप उस पर बोलने वाले हैं।

भूतपूर्व संसद्-सदस्यों की पेन्शन की राशि बढ़ानी चाहिए, 350 रुपये और 500 रुपये की सीमा बढ़ानी चाहिए। आज के ज़माने में यह रकम पर्याप्त नहीं है।

मैं हिन्दी में बोल रहा हूं, लेकिन मेरे ख्याल से मंत्री महोदय मेरी बातों को ज़रूर समझ गए होंगे। स्वतंत्रता-सेनानियों को राहत पहुंचाने के लिए मैंने जो सुझाव दिए हैं, सरकार को उन पर ध्यान देना चाहिए। जितनी जल्दी हो सके, स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेन्शन परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाई जाए और उसमें विचार कर के इन सुझावों को कार्यान्वित किया जाए।

हमारे अखिल-भारतीय स्वतंत्रता-सेनानी संगठन में सभी दलों के लोग हैं। अब तक हम लोग एकमत से बातें करते हैं। हमारे साथी ने अभी विरोधी किया है, लेकिन मार्क्सिस्ट कम्यूनिस्ट पार्टी के श्री शिव वर्मा, जो बहुत पुराने स्वतंत्रता-सेनानी हैं और भगतसिंह के साथी हैं, और भूतपूर्व संसद्-सदस्य, श्री गणेश घोष, हमारे साथ हैं और हम लोग मिल कर इस संगठन को चलाते हैं।

और कोई झंझट-झगड़ा नहीं होता। हम कोशिश करते हैं कि सेनानियों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें और सुविधायें दिलवा सकें ताकि अधिक दिनों तक वे जिन्दा रह कर इस देश के नौजवानों को प्रेरणा देते रहें।

**श्री चन्द्रपाल शैलानी** (हाथरस) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं इस संशोधन विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । हमारी सरकार ने और हमारी नेता, प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इस संशोधन विधेयक को इस सदन में पेश करके स्वतन्त्रता सेनानियों के प्रति एक और सम्मान प्रकट किया है । यह देश और इस देश की जनता स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों की हमेशा ऋणी रहेगी । इस देश की आजादी के लिए स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों ने जो कुर्बानियां दी हैं, इसमें जो उनका अपना योगदान रहा है, उसको हम कभी भी भुला नहीं सकते हैं । इसके लिए उनको जितनी भी अधिक से अधिक सहूलियतें और सम्मान दिया जाए, वह कम ही होगा । आजादी के लिए संघर्ष के उन दिनों को याद किया जाए, जब स्वतन्त्रता के दीवाने इस देश की आजादी के लिए लड़ रहे थे, उस समय बहुत सारे स्वतन्त्रता-सेनानी शहीद हो गए और आज जो लोग बचे हैं उनकी संख्या दिन व दिन कम होती चली जायेगी । इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों को जितनी भी अधिक से अधिक सुविधाएं दी जा सकें, दी जायें । यदि आज की मौजूदा स्थिति में स्वतन्त्रता सेनानियां का सर्वेक्षण कराया जाए तो आपको मालूम होगा कि उनमें बहुत से ऐसे लोग हैं जो कि बड़ी ही नाजुक स्थिति में हैं । मैं शास्त्री जी की बात से पूरी तरह सहमत हूं कि बहुत से स्वतन्त्रता-सेनानी इलाज के अभाव में अकाल मौत के मुंह में चले गए । आज उनके बीबी-बच्चों की स्थिति को देखकर बड़ी दया आती है ।

संसद और संसद के बाहर भी एक अरसे से यह मांग उठती रही है कि भूतपूर्व संसत्सदस्य, जोकि स्वतन्त्रता-सेनानी भी हैं, उनको स्वतन्त्रता-सेनानी के रूप में जो सम्मान या पेंशन मिलती है वह भूतपूर्व संसत्सदस्य की पेंशन के लेखे में नहीं गिनी जानी चाहिए । संसत्सदस्यों के वेतन-भत्ते सम्बन्धी जो ज्वाइण्ट कमेटी बैठी थी उसने भी यह सिफारिश की है । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि उनके हालात को देखते हुए अधिक से अधिक उनकी पेंशन की राशि को बढ़ाया जाए तथा उनकी सुविधाओं में भी वृद्धि की जाए । स्वतन्त्रता संग्राम के सैनिक के रूप में उन्होंने जो त्याग और बलिदान किया है, उसके लिए सरकार की ओर से उन को पेंशन मिलती है तथा दूसरी ओर संसत्सदस्य के रूप में उन्होंने जो इस देश की सेवा की है, उसके लिए उन्हें भूतपूर्व संसत्सदस्य के रूप में पेंशन मिलती है । दोनों का आपस में कोई वास्ता ही नहीं है इसलिए उनको दोनों पेंशनें साथ साथ मिलनी चाहिए तथा उसकी राशि भी बढ़नी चाहिए ।

मैं शास्त्री जी की इस बात से भी सहमत हूं कि इस देश में बहुत से लोगों ने जेलों में जा कर और अधिकारियों से मिल कर जाली प्रमाण-पत्र ले लिए हैं जब कि वे कभी भी अपने जीवन में स्वतन्त्रता सेनानी नहीं रहे और न ही कभी जेल यात्रा की । कुछ अफ़सरों की मिली-भगत से उन्होंने जाली सार्टिफिकेट प्राप्त कर लिए हैं और आज वे भी स्वतन्त्रता सेनानियों को सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं । मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसकी जांच होनी चाहिए और जो भी लोग इस तरह से लाभ उठा रहे हैं, उनको यह सुविधायें बन्द होनी चाहिए ।

श्रीमन्, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कुछ राज्यों में स्वतन्त्रता सेनानियों की पुत्रियों और बहनों के लिए अनुदान दिया जाता है । इसलिए मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि उसको भी इस तरह की व्यवस्था करनी चाहिए कि उनकी

पुत्रियों या उनकी बहनों की शादियों के लिए या जब उनके ऊपर किसी प्रकार का संकट आ जाता है, उनको दूर करने के लिए उनको विशेष रूप से मदद देनी चाहिए। जैसा कि हमारे साथियों ने कहा है कि स्वतन्त्रता सैनानी की मृत्यू के बाद स्वतन्त्रता सैनानी की विधवाओं को जो पेंशन मिलती है, इस प्रावधान का खत्म करके उनको भी उतनी ही पेंशन मिलनी चाहिए जितनी कि स्वतन्त्रता सैनानी को मिलती थी।

हमारी सरकार दूसरी श्रेणी के लोगों को भी पेंशन देती है, जैसे वृद्धाओं को, कलाकारों को, भूतपूर्व संसद् सदस्यों और विधायकों, को, और भूतपूव कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दी जाती है। सरकार कोई व्यापारी तो है नहीं। मैं समझता हूं कि जिस तरह से एक परिवार में पिता का स्थान होता है और वह अपने बच्चों के भरण-पोषण के लिए, उनको अच्छा बनाने के लिए हर तरह की सुविधायें जुटाता है, उसी तरीके से सरकार को भी यह करना चाहिए और उसका यह कर्त्तव्य है कि वह उन समस्त लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए, अच्छी शिक्षा के लिए, उनमें जागृति लाने के लिए हर तरह की सुविधायें उनको दे। स्वतन्त्रता सैनानियों को अपने में एक विशेष महत्व है, क्योंकि इनके कारण ही हमारा देश आज़ाद हुआ और जब तक हिन्दुस्तान रहेगा, हिन्दुस्तान में लोग रहेंगे, तब तक स्वतन्त्रता सैनानियों का इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा जाता रहेगा। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि उनकी कुर्बानियों, तपस्याओं और त्याग को देखते हुए उनकी पेंशन की राशि में बढ़ौतरी की जाए और उनको अधिक से अधिक सुविधायें, जितनी भी सरकार दे सके, दे। इसी सम्बन्ध में माननीय मंत्री महोदय यह बिल लाए हैं, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मैं पुनः माननीय मंत्री महोदय को और हमारे देश की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को और सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं और इस विधेयक का समथन करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Prof. Ajit Kumar Mehta may speak. I will request every hon. Member not to take more than five minutes because we have got to complete this Bill. One-and-a-half hours are recommended by the BAC for this Bill.

SHRI GIRDHARI LAL VYAS (Bhilwara): Extend the time, Sir, it is a very important Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If there is no repetition, five minutes time is sufficient on a small amendment, on a non-controversial amendment.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Anything said by a Member sitting, please don't record.

श्री मनीराम बागड़ी : उपाध्यक्ष महोदय, क्या मीरा-बैन का नाम आप रिकार्ड में नहीं देंगे ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: What do you want?

SHRI MANI RAM BAGRI: I said that you should remember the name of Mira Behn.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That can be recorded. Only when you sit and make a statement, it will not be recorded.

SHRI MANI RAM BAGRI: Now, I am standing here.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now you have taken my permission. Now it is

*Not recorded.

[Mr. Deputy Speaker]

on record. Otherwise, if you talk without my permission, it will not be on record.

Now, Prof. Ajit Kumar Mehta may start.

**प्रो० अजित कुमार मेहता** (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि सरकार ने इसको महसूस किया है और अन्ततोगत्वा इस बिल को इस सदन में लाने का कष्ट किया है। मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। किन्तु, एक बात मेरी समझ में नहीं आती है। मंत्री महोदय ने इस बिल के उद्देश्य के कथन में कहा है कि --

"The pension payable to freedom fighters under the Swatantrata Sainik Samman Pension Scheme is really for the purpose of honouring those who participated in the freedom struggle."

यदि यह स्वतन्त्रता संग्राम में शामिल होने वाले लोगों के सम्मान स्वरूप पेंशन की राशि दी जाती है, तो केवल भूतपूर्व संसद् सदस्यों को ही इसमें क्यों छूट दिया गया है, यह छूट तो सब के लिए होनी चाहिए थी; जो किसी भी प्रकार की पेंशन पाते है, क्योंकि उन्होंने भी देश की सेवा किसी-न-किसी रूप में की ही है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि यदि किसी व्यक्ति को स्वतन्त्रता सैनानी को पेंशन मिल रही है और वह कोई दूसरी पेंशन भी पा रहा है, तो उस पैंशन में इस पैंशन की राशि को घटा दिया जाता है।

मैं चाहता हूं कि इस तरह की छूट उनको भी मिलनी चाहिए-- ऐसा मेरा आपसे निवेदन है मैं समझता हूं कि स्वतन्त्रता संग्राम पेंशन उनको मिलने से उनके सम्मान में अधिक वृद्धि तो नहीं कम से कम स्वतन्त्रता सैनिक के सम्मान का जो स्तर है, उस स्तर का सम्मान तो उन्हें मिलेगा ही। इसके अतिरिक्त मैं यहां पर माननीय मंत्री महोदय को यह याद दिलाना चाहता हूं कि आपने यह स्वीकार किया है कि संसद् सदस्य चाहे वह वर्तमान या भूतपूर्व सदस्य है उनकी सुविधाओं में बढ़ोतरी होनी चाहिए और इसी उद्देश्य से आपने इस पैंशन को किसी और राशि में न जोड़ कर मुक्त रखा है, ताकि किसी प्रकार की कमी न होने पाए। मैं इस संदर्भ में अपने कुछ जविचार व्यक्त करना चाहता हूं।

वास्तव में संसद् सदस्यों को वे सुविधायें मिलनी चाहिए, जो कि उनके लिए आवश्यक हैं। जैसे हम लोगों के पास सैंकड़ों पत्र आते हैं और भजने वाला कम से कम यह उम्मीद करता है कि उस पत्र पर जो कार्यवाही हुई है, उससे उनको अवगत कराया जाये। एक आदमी के लिए यह संभव नहीं है कि वह सब पत्रों का देख सके औरउस पर उचित कार्यवाही कर सके और साथ ही साथ सब को उससे अवगत करा सके। इसलिए कुछ दिन पहले इस सदन में संसद् सदस्यों की ओर से यह मांग की गई थी कि संसद् सदस्यों की की सुविधाओं को बढ़ाया जाए और उनके लिए सचिव की व्यवस्था की जाए। मैं यह नहीं कहता कि संसद सदस्यों को इस तरह की राशि दी जाए, लेकिन यह सुविधा तो उनको दी ही जानी चाहिए।

दूसरी बात, हमें जो राशि मिलती है, संसद सदस्य के रूप में, वह इतनी कम है कि अगर हम संसद सदस्य के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने क्षेत्र का भ्रमण करना चाहें तो एक दिन में काफी खर्चा आता है और भ्रमण कठिन हो जाता है। मेरा अपना क्षेत्र समस्तीपुर इतना बड़ा है कि आप अनुमान नहीं लगा सकते। लगभग 40 किलोमीटर

लम्बा और करीब करीब इतना ही चौड़ा है। पूरे क्षेत्र में एक महीने में नहीं तो कम से कम दो-तीन महीने में एक दफा संसद सदस्यों को अपने क्षेत्र का भ्रमण तो करना ही चाहिए, ताकि वह अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो सकें और विभिन्न मंचों पर उठा सकें। इस लिए संसद सदस्य को अपने क्षेत्र का भ्रमन करने के लिए उसे अकितने खर्च की आवश्यकता होगी, इसका अनुमान आप लगाइए, । और उसकी व्यवस्था कीजिए । मैं अधिक सुविधाओं की मांग नहीं करता लेकिन उतनी सुविधाएँ तो मिलनी चाहिए जिनसे कि वे एक संसद सदस्य के रूप में अपने कर्त्तव्यों को निभा सकें जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जो आवश्यक सुविधाएं हैं उन्हें प्रदान करने में क्या कठिनाई है, यह मैं नहीं समझ पा रहा हूं ।

पिछले दिनों आपने मूलचन्द डागा जी के विधेयक पर बहस के दौरान इस सदन को कुछ आश्वासन दिया था और उसके बारे में मंत्री महोदय को याद दिलाने का यह बहुत उचित समय है। आप कम से कम उन आश्वासनों को तो पूरा कीजिए ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करते हुए आपका धन्यवाद करता हूं ।

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा) उपाध्यक्ष महोदय, मैं संसद सदस्य वेतन भत्ते तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक 1982 का समर्थन करता हूं और इसके सम्बन्ध में अपने कुछ सुझाव माननीय मंत्री महोदय को देना चाहता हूं ।

स्वतंत्रता सेनानियों को मेडिकल फेसिलिटीज नहीं हैं । उनको मेडिकल फेसिलिटीज भी मिलनी चाहिएं । अगर उनको भी गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत ले आए, जैसा कि माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने कहा था, तो निश्चित तरीके से उनको पैसा देने की आवश्यकता नहीं होगी । इस स्कीम के तहत उनको दवा वगैरा मिल सकती हैं। इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

दूसरा मेरा सुझाव है कि स्वतंत्रता सेनानियों को रेल का फ्री पास मिलना चाहिए ताकि उनको एक जहग से दूसरी जगह ट्रैवल करने में सुविधा हो और वे अपने काम का सुचारु रूप से कर सकें ।

